प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

दिनांकः 01.04.2026 समय : 01:00 पी.एम.

केंद्र सरकार ने 'प्रधानमंत्री ई–ड्राइव' योजना के तहत राजस्थान को 81 करोड़ रुपये से अधिक की राशि स्वीकृत की है। इस योजना से प्रदेश में इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए चार्जिंग स्टेशनों का जाल बिछाया जाएगा। राजस्थान अक्षय ऊर्जा निगम की ओर से प्रदेश में 262 चिन्हित स्थानों पर कुल 591 पब्लिक चार्जिंग स्टेशन बनाये जायेंगे। ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर ने कोटा में मीडिया से बातचीत में इसे राज्य में हरित परिवहन और पर्यावरण संरक्षण की दिशा में बडा कदम बताया।

विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने नई दिल्ली में केन्द्रीय पर्यटन मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत और केन्द्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने अजमेर के पर्यटन विकास कार्यों सहित अन्य विषयों पर चर्चा की। श्री देवनानी ने बताया कि तारागढ किले के विकास और वरूण सागर को आकर्षक पर्यटन स्थल बनाने के प्रयास किये जा रहे है।

पश्चिम एशिया में चल रहे संघर्ष के मद्देनजर तेल विपणन कंपनियों ने महानगरों में व्यावसायिक एलपीजी सिलेंडरों की कीमतों में 195 रुपये 50 पैसे की बढोतरी की है। इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड की वेबसाइट के अनुसार दिल्ली में व्यावसायिक एलपीजी सिलेंडरों की खुदरा कीमत अब 2 हजार 78 रुपये 50 पैसे, हो गई हैं। 19 किलोग्राम के व्यावसायिक एलपीजी सिलेंडर की बढी हुई कीमत आज से लागू हो गई है।

जयपुर में घरेलु एलपीजी के दुरूपयोग और कालाबाजारी पर रसद विभाग की ओर से बडी कार्यवाही की गई। इसमें 118 घरेलु और व्यावसायिक गैस सिलेंडर, तीन इलेक्ट्रोनिक कांटे और रीफिलिंग मोटर तथा एक पिकअप वाहन जब्त किया गया। इन अवैध गतिविधियों में लिप्त लोगों के खिलाफ पुलिस थानों में एफआईआर दर्ज करवायी जा रही है। जयपुर में गैस सिलेंडरों की अवैध रीफलिंग और कालाबाजारी पर रोक के लिए ऑपरेशन प्रवर्तन–सतर्क नागरिक सुरक्षित शहर अभियान चलाया जा रहा है।

भारत मौसम विज्ञान विभाग आईएमडी के अनुसार राजस्थान में इस साल गर्मी का प्रकोप कम रहने की संभावना है। सामान्य से अधिक बारिश और पश्चिमी विक्षोभ के कारण लू के दिनों में भी हर साल की तुलना में कमी रहेगी। फिलहाल राज्य में एक के बाद एक पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय है। इससे तापमान सामान्य से कम रह सकता है। वहीं रूक–रूक कर आंधी और बारिश की गतिविधियां बनी रहने के आसार है। इस बीच राज्य के कई जिलों में हुई बारिश और ओलावृष्टि से फसलों को नुकसान पंहुचने की आशंका है। बीते कुछ दिनों से जारी बारिश और ओलावृष्टि के कारण श्रीगंगानगर, बीकानेर, चूरू, नागौर और डीडवाना–कुचामन समेत कई जिलों में रबी की फसलें प्रभावित हुई हैं। पिछले 24 घंटों के दौरान श्रीगंगानगर, हनुमानगढ़, बीकानेर, चूरू, सीकर, झुंझुनूं, जयपुर, अलवर, भरतपुर, दौसा, करौली, धौलपुर, सवाई माधोपुर और टोंक सहित 10 से अधिक जिलों में दोपहर बाद मौसम में बदलाव देखने को मिला। मौसम विभाग ने आज दो जिलों मे हल्की बारिश के आसार जताये है। वहीं राजधानी जयपुर और आसपास के इलाकों में सुबह से बादल छाये हुए है और तेज हवायें चल रही है। विभाग ने कल से एक नया मौसमी तंत्र सक्रिय होने की चेतावनी दी है जिससे प्रदेश में फिर से बारिश का दौर शुरू हो सकता है। इसका असर चालू महीने के शुरुआती दिनों तक बना रहेगा।

मुख्य सचिव वी श्रीनिवास ने जयपुर शहर में परकोटे के संरक्षण, संवर्द्धन और युनेस्को वर्ल्ड हेरिटेज टैग को बनाये रखने के लिए मिशन मोड पर काम करने के निर्देश दिए है। मुख्य सचिव ने कल परकोटे की हेरिटेज इमारतों, मंदिरों, हवेलियों और विभिन्न स्थानों का जायजा लिया। उन्होंने हेरिटेज

क्षेत्र की लाइटों को ठीक करने और स्पेशल एरिया हेरिटेज प्लान बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जयपुर एतिहासिक शहर है। इस समृद्ध, सांस्कृतिक विरासत वाले शहर की पहचान बनाये रखना सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है।

15वें वित्त आयोग ने पिछले चार महीने में प्रदेश को रिकॉर्ड राशि के रूप में 2 हजार 700 करोड़ रूपये जारी किये है। ये राशि राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन और प्रधानमंत्री आयुष्मान भारत मिशन के तहत मिली है। चिकित्सा मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर ने बताया कि आयोग से मिली इस राशि से राज्य में प्राथमिक स्वास्थ्य ढांचे को मजबूत करने में मदद मिली है। इससे ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं का विस्तार हुआ है। साथ ही गांव कस्बो तक डाइग्नोस्टिक सेवाओं की पंहुच सुगम हुई है।